भा.वा.अ.शि.प. – व.व.अ.सं., जोरहाट द्वारा मेलाइना आर्बोरिया के क्लोनल सीड ऑर्चर्ड की स्थापना

भा.वा.अ.शि.प. - वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट (असम) ने दिनांक 4 मई, 2023 को असम कृषि विश्वविद्यालय, जोरहाट, असम के इंस्ट्रक्शनल कम रिसर्च फार्म में मेलाइना अर्बोरिया के एक क्लोनल सीड ऑर्चर्ड की सफलतापूर्वक स्थापना की। डॉ. मनीष कुमार सिंह, वैज्ञानिक-ई की निगरानी में एसएफएम प्रभाग की नर्सरी में पैच बडिंग तकनीक के माध्यम से सीएसओ स्थापना हेतु उपयोग किए जाने वाले रैमेट्स का विकास किया गया। इन रैमेट्स को 25 विशिष्ट जर्मप्लाज्म से संवर्धित किया गया था जिसमें 5 कीट प्रतिरोधी क्लोन भी शामिल थे (क्रैस्पेडोंटा लेयाना-एक गंभीर और रिपिटिटिव डिफोलिएटर का प्रतिरोधी)। सीएसओ की स्थापना के दौरान डॉ. मितुल सैकिया, प्रधान वैज्ञानिक, डॉ. आर. बोरगोहेन, प्रधान वैज्ञानिक और डॉ. मृणाल सैकिया, निदेशक अनुसंधान, असम कृषि विश्वविद्यालय भी उपस्थित थे।

GLIMPSES OF THE CSO ESTABLISHMENT